# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता,पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।







## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना खन्ना के विभिन्न संवेदनशील मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया।


## क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिये किया गया जागरुक।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ-साथ जनपद में पारदर्शी, निष्पक्ष और शातिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार सहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराये जाने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा केन्द्रीय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न संवेदशील मोहल्लो/ग्रामों, वल्नरेबिल/क्रिटिकल ग्रामों/मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बंध मे मा0 निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।







**◈पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर का औचक निरीक्षण कर सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

**◈बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की सघन चेकिंग करायी गयी, सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

जनपद महोबा में लोकतंत्र चुनाव के पर्व में किसी प्रकार से कोई अराजकतत्व व्यवधान न पैदा करने पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा के प्रत्येक इन्ट्री प्वाइंट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जनपद महोबा को मिली सीएपीएफ की 02 कम्पनियां विभिन्न संवेदनशील स्थानों में जनपदीय पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 04.04.2024 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे व थाना कोतवाली नगर महोबा की भारी पुलिस बल के साथ उ.प्र. एवं म.प्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-पठा बैरियर थाना कोतवाली महोबा का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में महोबा पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया।



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। इबादतगाहों के आस-पास भारी पुलिस बल रहा तैनात, सोशल मीडिया, संवेदनशील इलाकों पर रही विशेष नजर।

आज दिनांक 05.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा की विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान में जमात-उल-विदा(अलविदा) की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मस्जिदों में भ्रमणकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये आगामी पर्व को मनाये जाने की अपील की गयी, साथ ही जनपद में अमन चैन बना रहे इसके लिये किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि होने पर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दिये जाने की अपील की गयी, जिससे जनपद का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अलविदा की नमाज के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था साथ ही QRT (क्विक रिस्पांस टीम) गठित की गयी जो क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहीं इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण स्थानों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात करते हुये व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी के परिणाम स्वरुप जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे जिससे नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।





**थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड करते हुए 01 शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 09 अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित शस्त्र, 05 अदद जिन्दा/खोखा कारतूस सहित भारी मात्रा मे शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं।**

जनपद महोबा में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत की जा रही ताबडतोड़ कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। जब थाना कबरई क्षेत्र अन्तर्गत में अवैध रुप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री की सूचना पर दबिश दी गयी, दबिश के दौरान स्थानीय पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बेटू उर्फ बृजेश पुत्र मन्नूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई चौकीदार का खोड़ा थाना कबरई जिला महोबा को रामपाल पहलवान की बगिया वहद ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु.अ.सं. 100/2024 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियुक्त को नियमानुसार कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

- उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना कबरई में लूट, गुण्डा एक्ट एवं अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं, अभियुक्त की गिरफ्तारी से चुनाव के दौरान क्षेत्र में अवैध असलहों के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने के कारण तमंचे की काफी मांग है जिस कारण दिन व रात में इस सूनसान स्थान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री के माध्यम से अवैध शस्त्रों का निर्माण करता हूं। चुनाव के दौरान मोटी रकम कमाने व क्षेत्र में भय व्याप्त करने का प्रमुख उद्देश्य था।

बरामदगी का विवरण-

- 07 अदद तमंचा 315 बोर
- 01 अदद तमंचा 12 बोर
- 01 अदद देशी रायफल 315 बोर
- 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर
- 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर सहित भारी मात्रा में अवैध असलहा बनाने के नाजायज उपकरण

## गिरफ्तार अभियुक्त-

बेटू उर्फ बृजेश पुत्र मन्नूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई चौकीदार का खोड़ा थाना कबरई जनपद महोबा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम 2. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह

3.कां0 अवनेश कुमार 4.का0 अंकुश पाल

## गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 242/2014 धारा 3(यू0पी0 गुण्डा एक्ट) थाना कबरई जनपद महोबा

2.मु0अ0सं0 626/2007 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा

3.मु0अ0सं0 1183/2011 धारा 394/411 भादवि थाना कबरई जनपद महोबा

4.मु0अ0सं0 125/2020 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा

5. मु0अ0सं0 252/2015 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा






# थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक **05.04**.2024 को श्री सत्यम अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में उ0नि0 श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व शान्ति व्यवस्था, तलाश वाँछित वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 184/2024 धारा 363/504/506/376 भादवि व धारा 4(2) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रज्जाक उर्फ छोटू उर्फ बाटू पुत्र पप्पू उर्फ सलीम उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बिच्छूपहाडिया कालोनी ब्लाक नं0- 16 थाना कोतवाली नगर जिला महोबा को बिच्छूपहाडिया मोड़ के पास महोबा से गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

रज्जाक उर्फ छोटू उर्फ बाटू पुत्र पप्पू उर्फ सलीम उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बिच्छूपहाडिया कालोनी ब्लाक नं0- 16 थाना कोतवाली नगर महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया
प्रभारी चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा

